दिन– शनिवार दिनांक– 22 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने एनटीए की परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षा में सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की। दो महीने में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश।

02. नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में बिहार पुलिस ने झारखंड के देवघर से छह लोगों को किया गिरफ्तार।

03. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। उम्मीदवार छब्बीस जून तक नाम वापस ले सकेंगे।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता से राज्य के विभिन्न स्थानों पर हो रही है बारिश। अगले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी भाग में भी हल्की बारिश की संभावना।

———————————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि छात्रों का हित और उनका उज्ज्वल भविष्य हमेशा सरकार की उच्च प्राथमिकता रहेगी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि सरकार पारदर्शी, धांधली और त्रुटि मुक्त परीक्षाएं कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की उच्चस्तरीय समिति का गठन परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार, सभी संभावित कदाचारों पर रोक, डाटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत बनाने और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में समग्र बदलाव की दिशा में पहला कदम है।

———————————————————————

संयुक्त मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने कार्रवाई तेज कर दी है। नीट प्रश्न पत्र लीक मामले के तार झारखंड से भी जुड़ने लगे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने देवघर से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी देवघर जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र स्थित एम्स के नजदीक एक मकान में किरायेदार बनकर रह रहे थे। पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज मामले में यह संदिग्ध हैं। गिरफ्तार लोगों में बिहार के नालंदा जिले के बलदार विगहा निवासी पंकु कुमार, परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, चिन्टु उर्फ बालदेव कुमार, नुरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा

निवासी काजु उर्फ प्रशांत कुमार, एकंगरसराय थाना क्षेत्र के अजीत कुमार और राजीव कुमार उर्फ कारू का नाम शामिल है। सभी लोगों को पुलिस अपने साथ पटना ले जाकर पूछताछ कर रही है।

———————————————————————————

इधर, इस मामले को लेकर आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि पेपर लीक मामले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए कानून लागू करने और कमिटी बनाने की बात कह रही है। इधर, बीजेपी, जदयू और एनडीए के अन्य दलों ने पेपर लीक मामले के तार तेजस्वी प्रसाद यादव के पीएस से जुड़ने का आरोप लगाया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस मामले की जांच में स्पष्ट हो जाएगा कि पेपर लीक मामले में शामिल लोगों के संबंध लालू परिवार से कितने गहरे रहे हैं।

———बाईट———.

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाया है। नए कानून के तहत दोषियों को अधिकतम दस साल की जेल की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। कार्मिक मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। नए कानून के प्रावधान आज से लागू हो गये। एक रिपोर्ट——

———बाईट———

———————————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग से अनुदान और जीएसटी क्षतिपूर्ति बकाया के माध्यम से राज्यों को केंद्र के

समर्थन का उद्देश्य राज्यों में विकास को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्री ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यों से केंद्र सरकार की राज्य पूंजी निवेश विशेष सहायता योजना का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि हालांकि इस योजना के अंतगर्त ज्यादातर ऋण लचीले हैं, लेकिन कुछ ऋण नागरिक–केंद्रित सुधारों और क्षेत्र–विशिष्ट पूंजी परियोजनाओं को लागू करने वाले राज्यों पर सशर्त हैं।

———————————————————————————

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब सदस्यों को शपथ दिलायेगे। उन्हें अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोकसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव छब्बीस जून को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सत्ताईस जून को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र सत्ताईस जून से शुरू होगा। इधर, संसद सत्र तीन जुलाई को संपन्न हो जाएगा।

———————————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल तेरह प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा है। नामांकन भरने वालों में राजद से बीमा भारती, जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल और निर्दलीय शंकर सिंह प्रमुख हैं। नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को की जाएगी। वहीं, प्रत्याशी छब्बीस जून तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान दस जुलाई को होगा और मतों की गिनती तेरह जुलाई को की जाएगी। इधर, उम्मीदवारों ने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क शुरू कर दिया है।

———————————————————————————

सीवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल अंतर्गत पटेढ़ा और गरौली गाँव के बीच स्थित सड़क पुल आज सुबह अचानक टूट गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल ध्वस्त होने से दोनों गाँवों के बीच आवागमन पूरी तरह से ठप

हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गंडक विभाग द्वारा नहर की सफाई कराई गई थी, और नहर की मिट्टी काटकर नहर के बांध पर फेंकी गई थी। इस प्रक्रिया से पुल का पिलर काफी कमजोर हो गया था, जिसके कारण पुल टूट गया।

———————————————————————————

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून ने दस्तक दे दी है। इसके प्रभाव से राज्य के उत्तरी और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान वजीरगंज में सबसे अधिक चौवालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, अररिया के कुर्साकाटा में बयालीस दशमलव चार मिलीमीटर और फारबिसगंज में तैंतीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। इधर, आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश की सम्भावना है। पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी सम्भावना है। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों तक मॉनसून की गति सामान्य रहेगी और यह राज्य के दक्षिणी भागों में भी पहुंच जाएगा।

———बाईट———

मॉनसून के आगमन के बाद राज्य के अधिकतर हिस्सों के तापमान में कमी आयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान उनचालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में उमसभरी गर्मी से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में बक्सर, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में भी वर्षा होगी, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

———————————————————————————

पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय आम महोत्सव शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका उद्घाटन किया। महोत्सव में तीन सौ से अधिक किस्म की आम की प्रजातियां प्रदर्शित की गयी हैं। कृषि विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न जिलों के आम उत्पादकों और उद्यमियों ने अपने–अपने उत्पादों के स्टॉल लगाये हैं। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर आम की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी ली। इस अवसर पर कृषि मंत्री मंगल पांडेय समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांडों में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल में कराए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

———————————————————————————

संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट जून, दो हजार चौबीस परीक्षा को अपरिहार्य परिस्थितियों और लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा पच्चीस से सत्ताईस जून के बीच होने वाली थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि इस परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बाद में घोषित किया जाएगा।

———————————————————————————

बिहार की अंशु कुमारी ने महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

———————————————————————————

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के चरैया हाट के पास अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देसी पिस्तौल,दो कारतूस और मोटरसाईकिल बरामद किया गया है।

———————————————————————————

बक्सर जिले की पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अरवल जिले की पुलिस ने एक लाख के इनामी अपराधी विश्वजीत कुमार उर्फ तेजू यादव को एक विदेशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर अरवल और भोजपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में तेरह आपराधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट के सुपर–एट मुकाबले में आज भारत और बांग्लादेश की भिड़त होगी। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से एंटीगुआ के नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

———————————————————————————

01. केन्द्र सरकार ने एनटीए की परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षा में सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की। दो महीने में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश।

02. नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में बिहार पुलिस ने झारखंड के देवघर से छह लोगों को किया गिरफ्तार।

03. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। उम्मीदवार छब्बीस जून तक नाम वापस ले सकेंगे।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता से राज्य के विभिन्न स्थानों पर हो रही है बारिश। अगले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी भाग में भी हल्की बारिश की संभावना।

———————————————————————————

समाप्त